

# सरकारी राशन दुकान पर भारी अनियमितताओं का खुलासा

## ग्रामीणों ने सेल्समैन पर कम तौल और अवैध वसूली के आरोप लगाए, कई परिवारों को मिला कम गेहूं

**छतरपुर, 11 दिसंबर. जिले के बिजावर क्षेत्र स्थित पिपट थाना अंतर्गत जमुनियापुरवा गांव की सरकारी उचित मूल्य की दुकान एक बार फिर विवादों में है. ग्रामीणों ने समिति के सेल्समैन बबलू दीक्षित पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वह लंबे समय से कम तौल कर राशन दे रहा है और प्रति व्यक्ति 10 रुपए की अवैध वसूली भी की जा रही है. लोगों का दावा है कि उन्हें प्रति सदस्य 700-800 ग्राम तक कम राशन मिलता है, जबकि कई परिवारों को तो पिछले महीने मात्र 4 किलो गेहूं ही दिया गया.**

**राजनीतिक संरक्षण का आरोप, कार्रवाई लंबित:** ग्रामीणों का कहना है कि दुकान संचालक को स्थानीय नेताओं का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हो पाती. पहले भी कई बार लिखित और मौखिक शिकायतें की गईं, लेकिन न जांच हुई और न ही अनियमितताओं पर रोक लग पाई. अब वीडियो वायरल होने के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल जांच कराने और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है. दुकान के संचालन पर उठे गंभीर सवालों ने ग्रामीणों में काफी नाराजगी पैदा कर दी है. लोग उम्मीद कर रहे हैं कि इस बार प्रशासन प्रभावी कदम उठाकर पारदर्शिता बहाल करेगा.



### तौल में भारी अंतर, वीडियो से खुली पोल

सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने दुकान की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है. वीडियो में दुकान के बाहर रखे तीन इलेक्ट्रॉनिक कांटे दिखाई देते हैं, जिनसे ग्रामीणों ने कई बोरियों का वजन कर अंतर दिखाया.

- **एक कांटा:** 24.770 किलो
- **दूसरा कांटा:** 25.200 किलो
- **तीसरा कांटा:** 24.600 किलो

### ग्रामीणों का कहना है

यह अंतर साबित करता है कि तौल में हेराफेरी की जा रही है. ग्रामवासियों के अनुसार शिकायतें करने के बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ और सेल्समैन मनमानी जारी रखे हुए है.

### हर परमिट धारक से 10 रुपए वसूले जाते हैं

ग्रामवासी जितेंद्र सिंह बुंदेला ने आरोप लगाया कि मजदूरी के नाम पर प्रति व्यक्ति 10 रुपए जबरन वसूले जा रहे हैं. विरोध करने पर भी कोई सुनवाई नहीं होती. ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि सेल्समैन अक्सर मशीन खराब होने का बहाना बनाता है और राशन वितरण के जरूरी मैसेज लोगों तक नहीं पहुंचने देता. पूछे जाने पर वह स्पष्ट जवाब देने से भी बचता है, जिससे पारदर्शिता पूरी तरह खत्म हो गई है.



# छतरपुर तहसील में महिला का हाई-वोल्टेज ड्रामा

- सरकारी जमीन पर कब्ज़े की जिद
- गले में फंदा डालने की कोशिश से मचा हड़कंप

**छतरपुर, 11 दिसंबर. नगर में गुरुवार दोपहर एक महिला द्वारा तहसील परिसर में हंगामा करने का मामला सुर्खियों में है. सिविल लाइन थाना क्षेत्र की देरी निवासी प्रभा यादव दोपहर करीब 3 बजे तहसील कार्यालय पहुंची और देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया. महिला बार-बार शासकीय भूमि पर कब्ज़ा दिलाने की मांग पर अड़ी रहीं और अधिकारियों पर दबाव बनाती रहीं.**

**सरकारी जमीन पर कब्ज़े की जिद:** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला बार-बार दावा कर रही थी कि उन्हें एक विशेष सरकारी जमीन का कब्ज़ा चाहिए, लेकिन प्रशासन उनकी मांग नहीं मान रहा. महिला का कहना था कि वह जिस भूमि की मांग कर रही हैं, उस पर उन्हें तुरंत अधिकार दिया जाए. अधिकारियों द्वारा समझाने की कोशिश के बावजूद वह अपनी मांग पर अडिग रहीं और लगातार शोर-शराबा करती रहीं.

### कपड़े फेंके, गले में फंदा डालने की कोशिश

स्थिति तब गंभीर हो गई जब महिला ने गुस्से में तहसील परिसर में कपड़े फेंकना शुरू कर दिया. इसके बाद उन्होंने गले में फंदा डालने की कोशिश भी की, जिससे वहां मौजूद लोग दहशत में आ गए. भीड़ ने तत्काल हस्तक्षेप कर महिला को रोकने की कोशिश की. तहसील के कर्मचारियों और कुछ नागरिकों ने महिला को संभाला और उन्हें शांत कराया, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई.

### पुलिस पहुंची, जांच शुरू

घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिला से पूछताछ की. पुलिस ने स्थिति को नियंत्रण में लिया और मामले की जांच शुरू कर दी. अधिकारियों के अनुसार सरकारी भूमि से जुड़े मामलों का निपटारा कानूनी प्रक्रिया के तहत ही किया जाता है. किसी भी व्यक्ति को बिना पूर्ण जांच और दस्तावेज़ी कार्यवाही के भूमि का कब्ज़ा उपलब्ध नहीं कराया जा सकता.

### प्रशासन की अपील

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह का विवाद या मांग कानून के दायरे में रहकर ही उठाई जाए. अधिकारी ने कहा कि महिला की मांग और संबंधित भूमि की स्थिति की जांच की जा रही है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी. तहसील परिसर में हुई यह घटना देर तक चर्चा का विषय बनी रही, वहीं उपस्थित लोगों ने महिला के इस कदम को जोखिमपूर्ण और खतरनाक बताया.

# छत्रसाल चौराहा बना जाम का हॉटस्पॉट

## सिग्नल बंद होने से बढ़ी अव्यवस्था | स्थानीय लोग बोले—स्टैंड बनाओ, सिग्नल चालू करो

**छतरपुर, 11 दिसंबर. शहर का सबसे व्यस्त छत्रसाल चौराहा इन दिनों ट्रैफिक अव्यवस्था का नया हॉटस्पॉट बन गया है. चौक बाजार, रेलवे स्टेशन, जिला न्यायालय और बस स्टैंड जैसे प्रमुख स्थानों को जोड़ने वाला यह चौराहा दिनभर जाम की समस्या से जूझता रहता है. वाहनों की भीड़ और अनियंत्रित आवागमन के कारण चौराहे से गुजरना लोगों के लिए चुनौती बन गया है. कई बार हालात ऐसे हो जाते हैं कि वाहन बिना किसी टक्कर के निकलना मुश्किल हो जाता है.**

प्रशासन के प्रयास बेअसर, कारण—ट्रैफिक सिग्नल बंद

चौराहे की अव्यवस्था को दूर करने के लिए प्रशासन ने कई कदम उठाए. पुलिस चौकी हटाई गई, सड़क चौड़ी कराई गई, पुराना सिविल सर्जन ऑफिस हटाकर स्थान खाली किया गया, गार्डन तैयार किया गया और नो-पार्किंग जोन लागू किए गए. इसके अलावा बिजली दफ्तर के पास बनी गुमटियों को हटाकर मार्ग को विस्तृत किया गया.

लेकिन मुख्य चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल बंद होने से सभी प्रयास निष्फल साबित हो रहे हैं. चारों दिशाओं—कोर्ट रोड, महल रोड, पना नाका और आकाशवाणी तिराहा—से आने वाले वाहन बिना किसी नियंत्रण के चौराहे पर आमने-सामने भिड़ते दिखते हैं. परिणामस्वरूप जाम की स्थिति दिनभर बनी रहती है.

**प्रशासन की प्रतिक्रिया:** ट्रैफिक प्रभारी बृहस्पति साकेत ने बताया कि चौराहे की समस्या पर प्रशासन गंभीर है.

सुधारात्मक कदमों पर काम चल रहा है और बंद पड़े ट्रैफिक सिग्नल को सक्रिय करना प्राथमिकता में शामिल है. शहरवासियों को उम्मीद है कि जल्द ही छत्रसाल चौराहा जाम के भय से मुक्त होकर सुचारू यातायात का अनुभव देगा.



### स्थानीय लोगों की मांग—सिग्नल चालू करो, स्टैंड बनाओ

स्थानीय निवासी लगातार मांग कर रहे हैं कि चौराहे पर उचित पार्किंग व्यवस्था बनाई जाए, ई-रिक्शा व ऑटो स्टैंड निर्धारित किए जाएं, अतिक्रमण हटाया जाए, और सबसे महत्वपूर्ण—ट्रैफिक सिग्नल को तत्काल पुन: चालू किया जाए. लोगों का कहना है कि यदि ये व्यवस्था लागू कर दी जाए, तो जाम की समस्या आधी से अधिक खत्म हो सकती है.

### ई-रिक्शा व ऑटो स्टैंड न होने से समस्या दोगुनी

चौराहे पर ई-रिक्शा और ऑटो चालकों के लिए कोई निर्धारित स्टैंड नहीं है. चालक मनमाने ढंग से सड़क के बीच यात्रियों को चढ़ाते-उतारते हैं, जिससे अचानक जाम की स्थिति बन जाती है. स्कूल-कॉलेज के समय सुबह 10 से 11 बजे और शाम 5 बजे जाम चरम पर पहुंच जाता है. वहीं भारी मालवाहक वाहनों का बेधड़क प्रवेश स्थिति को और बदतर बना देता है.



# तहसीलदार के स्टे ऑर्डर के बाद भी जारी निर्माण

**छतरपुर, 11 दिसंबर. तहसील क्षेत्र में कैंडी फोरलेन ब्रिज के निकट शासकीय भूमि पर अवैध कब्ज़े का गंभीर मामला सामने आया है. स्थानीय निवासी एवं शिकायतकर्ता लखन पटेल ने आरोप लगाया कि कैंडी और गौरगायं मौजा की सरकारी ज़मीन पर कुछ दबंग लोग जबरन कब्ज़ा कर निर्माण कर रहे हैं. ग्रामीणों के अनुसार यह गतिविधि लंबे समय से चल रही है और प्रशासनिक हस्तक्षेप के बावजूद निर्माण नहीं रुका.**

शिकायत के बाद तहसीलदार ने संबंधित भूमि पर तत्काल प्रभाव से स्टे आदेश जारी किया था. इसके अनुसार भूमि पर किसी प्रकार का निर्माण या गतिविधि प्रतिबंधित थी. लेकिन आरोपियों ने आदेश की अवहेलना करते हुए निर्माण जारी रखा. शिकायतकर्ता का कहना है कि आरोपियों को स्थानीय स्तर पर संरक्षण प्राप्त है, जिसके कारण वे प्रशासनिक आदेशों को खुली चुनौती देते हुए सरकारी ज़मीन पर कब्ज़ा मजबूत करने में लगे हैं.

ग्रामीणों ने बताया कि मामले की जानकारी पुलिस को भी दी गई, लेकिन अब तक कोई सख्त कार्रवाई नहीं हुई. पुलिस की निष्क्रियता से दबंगों के हौसले बढ़ रहे हैं, और वे बिना रोक-टोक निर्माण कार्य करते जा रहे हैं. स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस मौके पर पहुंचने के बाद भी केवल औपचारिकता निभाती है, जिससे अवैध कब्ज़े का साहस और बढ़ रहा है.

### एसडीएम कार्यालय में दर्ज कराई शिकायत

स्थिति बिगड़ते देख शिकायतकर्ता ने एसडीएम कार्यालय में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है. उन्होंने अवैध कब्ज़ा हटाने, निर्माण रोकने और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है. ग्रामीणों ने भी प्रशासन से आग्रह किया कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो सरकारी भूमि पूरी तरह कब्जाई जा सकती है, जिसका भविष्य में बड़ा विवाद खड़ा हो सकता है.

# मध्यान्ह भोजन को लेकर लापरवाही

- प्राथमिक पाठशाला पड़री में 2 माह से नही बना मध्यान्ह भोजन
- विद्यार्थियों को मिल रहे चावल संचालक बरत रहे लापरवाही

**चंदला, 11 दिसम्बर. लवकुशनगर जनपद क्षेत्र में संचालित शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं में बन रहे मध्यान्ह भोजन वितरण में भारी गड़बड़ियां की जा रही है।**

चंदला क्षेत्र के प्राथमिक शाला पड़री में समूह संचालक ने बीते 2 माह से मध्यान्ह भोजन नही बनाया, छात्र हर दिन भूखे रहकर पढ़ने को मजबूर हो रहे है, शाला प्रभारी ने बताया कि विद्यालय में 21 छात्र दर्ज है यहां नव जीवन स्व सहायता समूह को मध्यान्ह भोजन तैयार करने की जिम्मेदारी मिली थी छात्रों ने बताया बीते 2 माह से मध्यान्ह भोजन नही मिलने से वे निराश है, शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नही हो रही है, समूह संचालक बोले हमे राशन नहीं मिल रहा है। बंशिया की एकीकृत शाला में मध्यान्ह भोजन योजना दम तोड़ रही है छात्रों को मंगलवार के दिन कभी भी खीर पूड़ी नही परोसी जा रही है गुरुवार को भी यहां मीनू अनुसार मध्यान्ह भोजन समूह संचालक द्वारा तैयार न कर सूखे चावल छात्रों को परोस दिए गए छात्रों ने बताया कि वे हर दिन एक ही प्रकार का भोजन खाकर ऊब चुके है छात्रों के शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नही हो रही है.



# विधायक यादव ने लगाई चौपाल, समस्याएं सुनीं

- अधिकारियों को मौके पर दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देशब

**छतरपुर, 11 दिसंबर. नगर की स्थानीय समस्याओं को सीधे तौर पर सुनने और उनका समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विधायक ललिता यादव ने गुरुवार दोपहर सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित बस स्टैंड पर जन चौपाल का आयोजन किया. करीब 1:30 बजे शुरू हुई इस चौपाल में बड़ी संख्या में नागरिक पहुँचे और अपनी रोजमर्रा की दिक्कतें खुलकर सामने रखीं.**

चौपाल में पहुंचे लोगों ने मुख्य रूप से राजस्व, नगर पालिका और यातायात व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं की शिकायतें दर्ज कराईं. नागरिकों ने बताया कि बस स्टैंड और आसपास के इलाकों में ट्रैफिक जाम की स्थिति लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे आवागमन प्रभावित होता है. साथ ही सड़क की खराब हालत, नियमित साफ-सफाई की कमी, अवैध कब्जों, नालियों की समस्या और कई मोहल्लों में स्ट्रीट लाइटें बंद रहने की शिकायतें भी सामने आईं.

विधायक ललिता यादव ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से सुना और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी तरह की विभागीय लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए. उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन मुद्दों का समाधान स्थल पर संभव है, उन्हें तुरंत निपटाया जाए और जटिल मामलों की अलग से समीक्षा कर आवश्यक कदम उठाए जाएँ.

जन चौपाल के दौरान कई शिकायतों का मौके पर ही निराकरण कराया गया. कुछ स्थानों पर सफाई दल भेजने, खराब स्ट्रीट लाइट दुरुस्त कराने और अवैध पार्किंग हटवाने जैसे तात्कालिक निर्देश भी दिए गए. वहीं राजस्व और नगरपालिका से जुड़े जटिल मामलों पर संबंधित विभागों को समयसीमा तय कर कार्रवाई करने को कहा गया. स्थानीय नागरिकों ने विधायक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जन चौपाल जैसे कार्यक्रमों से उनकी समस्याएँ सीधे जनप्रतिनिधियों तक पहुँचती हैं और समाधान की उम्मीद भी बढ़ती है.





श्री प्रफुल्ल कुमार माहेश्वरी नवभारत चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंद मेधावी बच्चों को

फ्री कम्प्यूटर प्रशिक्षण

आवेदन करें

मो. 7772991010 इस WhatsApp No.

या नवभारत प्रेस में जमा करें समय 10 से 5 के बीच में

पता- 3 इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग जोन 1 एम.पी. नगर भोपाल

नव भारत

*यदि आप में समाज के लिए कुछ करने का जुनून है तो*

आवश्यकता है

देश के कई राज्यों से प्रकाशित हिंदी दैनिक नवभारत पत्र समूह के भोपाल संस्करण के लिए निम्न पदों के लिए आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार रहेगा।

**रिर्पोटर (पद-3)**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का कार्य अनुभव। पत्रकारिता में डिग्री की प्राथमिकता स्वयं का वाहन अनिवार्य है

**उपसंपादक (पद-2)**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार में 3 से 5 वर्ष का डेस्क कार्य अनुभव भाषा, व्याकरण एवं अनुवाद का ज्ञान खबरों के संपादन में दक्षता पत्रकारिता में डिग्री की प्राथमिकता

**मार्केटिंग एक्जक्युटिव (पद-3)**
योग्यता - स्नातक, मार्केटिंग क्षेत्र मे कम से कम 1 वर्ष का अनुभव, स्वयं का वाहन अनिवार्य।

**सरक्यूलेशन एक्जीक्युटिव (पद-3)**
योग्यता - स्नातक, दैनिक अखबार के प्रसार विभाग में कार्य अनुभव की प्राथमिकता, स्वयं का वाहन अनिवार्य।

**डीटीपी कम्प्यूटर ऑपरेटर (पद-2)**
योग्यता - कम से कम 3 वर्ष का कार्य अनुभव की प्राथमिकता

: संपर्क करें :

स्थान : नव भारत प्रेस परिसर 3, इंदिरा प्रेस काम्प्लेक्स रामगोपाल महेश्वरी मार्ग, एम. पी. नगर, जोन-1, भोपाल

8839490247 Email: hr.navabharat1934@gmail.com